अमर उजाला 07/11/2024

ईको-एसडीजी चैंपियन के खिताब से सम्मानित

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज को सतत विकास पहल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उच्चतम ग्रेड के साथ जिला इको-एसडीजी चैंपियन के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया। दरअसल, सतत विकास लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को मान्यता दी गई। इसी शृंखला में स्थिरता को आगे बढ़ाने की एक सराहनीय पहल में कॉलेज को इस प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम और स्थायी परिसर परियोजनाओं से लेकर शैक्षिक अभियानों और सामुदायिक आउटरीच तक की पहल की गई है, जो शैक्षिक संस्थानों के स्थानीय समुदायों और पर्यावरण चेतना पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव को रेखांकित करती है। संवाद